



**मई, 2025**








## तिरंगा फहराकर भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया

**सादुलपुर. @ पत्रिका** चूरू जिला अरबन कोऑपरेटिव बैंक में तिरंगा फहराकर भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब देने और विश्व मे भारत का नाम रोशन करने वाली भारतीय सेना को सेल्यूट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक चेयरमैन राहुल पारीक ने की। कार्यक्रम में पहलगाम गांव में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भारतीय सेना की शौर्य गाथा का सम्मान स्वरूप सेल्यूट कर सैनिकों का अभिनंदन किया।

बैंक के महाप्रबंधक विनोद चावरिया ने कहा कि एयर स्ट्राइक कर भारतीय सेना के द्वितीय शौर्य ऑपरेशन सिंदूर देश और दुनिया याद रखेगा। इस अवसर पर संचालक मंडल के सदस्य गिरिराज वर्मा, नीरज डोरवाल, ताराचंद मीना मनोज शर्मा, शाखा प्रबंधक जगदीश शर्मा ,दिनेश शर्मा, जय शंकर भोजक दीपेंद्र राजवी, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे। प्रबंधक अनवर अली ने आभार व्यक्त किया।

## अद्वितीय शौर्य 'ऑपरेशन सिंदूर' की विजयगाथा का अरबन बैंकों द्वारा सम्मान

भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य 'ऑपरेशन सिंदूर' की विजयगाथा को सम्मान देने के लिए फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं संचालकगण की भावना के अनुसार फेडरेशन द्वारा किये गये निवेदन पर राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों एवं दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन कार्यालय में 19 मई, 2025 को भोजनावाकश के समय मीटिंग का आयोजन कर सेना के विभिन्न अंगों के जवानों एवं राष्ट्र के नीति निर्धारकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।






उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की 52 वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 23 मई, 2025 में फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा

# अध्यक्षीय संदेश



*वित्तीय वर्ष 2024–25 समाप्त होने के बाद मेरा विश्वास है कि सभी बैंकों ने 31.03.2025 की स्थिति के आधार पर गत वर्ष की समीक्षा के साथ ही नवीन आलोच्य वर्ष 2025–26 की रण नीति तैयार कर पूरे उत्साह के साथ कार्य में जुट गये होंगे।*

*22 अप्रैल को पहलगाम में जो आतंकवादी दुर्घटना हुई थी वह हमें झकझोर देने वाली थी। फैडरेशन के संचालकगण की भावना के अनुसार बैंकों ने 24 अप्रैल, 2025 को अपने–अपने स्थानों पर शोक सभा आयोजित कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस घटना के प्रतिकार में भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों को उनके घर में घुस कर मारने के अद्वितीय शौर्य के रूप में ''ऑपरेशन सिंदूर'' सम्पन्न किया जिसके सम्मान में 19 मई को अरबन बैंकिंग सेक्टर ने कृतज्ञता व्यक्त की। यह हमारी एकजुटता, अखंडता और सहयोग का परिचियाक है।*

*नये वर्ष के साथ ही सुपरवाईजरी एक्शन फ्रेमवर्क के स्थान पर ''प्रोम्प्ट करेक्टिव एक्शन फ्रेमवर्क '' टियर 2,3,4 की बैंकों पर लागू हो गया जिसके कारण राज्य के कई बैंक सुपरवाईजरी एक्शनफ्रेम के बाहर हो गये हैं हालांकि उनकी मोनिटरिंग पूर्व की भांति जारी रहेगी।*

*कलेण्डर वर्ष 2025 अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मेरा निवेदन है कि इस दौरान आपके बैंक/शाखाओं में विचार–गोष्ठियों, ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया जावे।*

*समस्त शुभकामनाओं के साथ!*

*मोहन पाराशर*

# ''फैडरेशन के माननीय सदस्य''

फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रेल, 2025 के अंक से राज्य के अरबन बैंकों के अध्यक्षों का प्रोफाईल विवरण ''फैडरेशन के माननीय सदस्य'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है। इस अंक में श्री इन्द्र मल सेठिया, माननीय अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का प्रोफाईल विवरण प्रस्तुत है।



## श्री इन्द्र मल सेठिया

**माननीय बैंक अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | डॉ आई. एम. सेठिया |
| 2 | पिता का नाम | स्व. श्री लादू लाल सेठिया |
| 3 | निवास | चेतना भवन, 38 पन्नाधाय कॉलोनी, चित्तौड़गढ़( राज.) |
| 4 | पत्नी | श्रीमती विमला सेठिया, एडवोकेट, सदस्य–स्थाई लोक अदालत, चित्तौड़गढ़ |
| 5 | वाट्सएप मोबाईल नंबर<br>अन्य मोबाईल नंबर | 9461108966, 9414108966 |
| 6 | फोन नंबर कार्यालय एवं निवास | 9414108966 |
| 7 | ईमेल – कार्यालय एवं व्यक्तिगत | imsethiya@gmail.com<br>hocor@cucbl.com |
| 8 | शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता | डी.लिट, पीएचडी, सीए, सीएस, एमबीए,,<br>डिप्लोमा–इन–लेबर लॉज, एलएलबी, बीकाम. |
| 9 | व्यवसाय | चार्टड अकाउंटेंट – 1984 से प्रक्टिस में<br>वरिष्ठ भागीदार– सेठिया एंड कंपनी (कार्यालय–जयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा) |
| 10 | जन्मतिथि | 12 फरवरी, 1959 |
| 11 | अरबन बैंक से जुड़ाव कब से है (कृपया पूर्ण विवरण दें) | दिनांक 14.05.2001 से (चित्तौड़ अरबन को–ऑप. बैंक के संस्थापक अध्यक्ष) |
| 12 | सामाजिक गतिविधियां | प्रदेश उपाध्यक्ष–अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, राजस्थान<br>अध्यक्ष– महावीर शिक्षण संस्थान, चित्तौड़गढ़<br>प्रांतीय संरक्षक–जन चेतना मंच राजस्थान एवं महावीर चेतना मंच, राजस्थान<br>न्यासी– चेतना फाउंडेशन एवं सेठिया फाउंडेशन<br>सदस्य– मेवाड़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज |
| 13 | राजनीतिक गतिविधिया | प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (2005 से लगातार) |
| 14 | अन्य विशेष उपलब्धियां | समाज सेवा के लिये विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय एवं स्थानीय संस्थाओं से सम्मानित |

## बैंक के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



**चित्तौड़गढ़ अरबन को–आपरेटिव बैंक**
**– 14 मई, 2025 को 25वां स्थापना दिवस**

**कोटा महिला नागरिक सहकारी बैंक**
**– 19 मई, 2025 को 29वां स्थापना दिवस**

**राजसमंद अरबन को–ऑपरेटिव बैंक**
**– 23 मई, 2025 को 30वां स्थापना दिवस**

**उदयपुर महिला अरबन को–ऑप. बैंक**
**– 27 मई, 2025 को 31वां स्थापना दिवस**

# शुभकामना संदेश

## राज्य के 3 अरबन बैंक सेफ से बाहर हुए

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1.04.2025 से सुपरवाईजरी एक्शन फ्रेम (SAF) के स्थान पर प्रोम्प्ट करेक्टिव एक्शन (PCA) लागू किये जाने एवं इसमें टियर प्रथम बैंकों को इससे बाहर किये जाने के फलस्वरूप राज्य के 3 अरबन को–ऑपरेटिव बैंक यथा– दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक–जयपुर, राजलक्ष्मी महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक–जयपुर एवं भरतपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक सेफ के प्रावधानों से बाहर हो गये हैं।

## दौसा अरबन बैंक की लालसोट शाखा नये भवन में

दौसा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की लालसोट शाखा का नये भवन, संस्कृत कालेज परिसर, बस स्टैंड के पास थाने के सामने में 19 मई, 2025 को शुभारंभ हो गया है।

फैडरेशन के अध्यक्ष, समस्त संचालकगण एवं स्टाफ की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## जालौर एवं उदयपुर अरबन बैंक को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम बैंक का पुरस्कार

क्रिस्ट इन्फोमीडिया एवं नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स एण्ड क्रेडिट सोसाईटीज द्वारा दिनांक 8–9 मई, 2025 को आयोजित ''All India Cooperative Banking Summit & Awards " में जालौर नागरिक सहकारी बैंक को ''ब्याज आय'' मद में तथा उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक को ''लोन एण्ड एडवांसेज'' में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम बैंक का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

फैडरेशन के अध्यक्ष, समस्त संचालकगण एवं स्टाफ की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।






# सामाजिक ढांचा मजबूत करने के लिए सहकारिता से बढ़कर कुछ नहीं : मांडिया

## सादुलपुर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाया

भास्कर न्यूज | सादुलपुर

चूरू जिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड प्रधान कार्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 मनाया गया। बैंक चेयरमैन राहुल पारीक की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारी समितियां चूरू उप रजिस्ट्रार सुनील मांडिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025 को सालभर सहकारिता वर्ष बनाने की घोषणा की है। इसी तर्ज पर प्रदेश में सहकारिता को मजबूत करने के लिए सहकारिता समारोह आयोजित किए जा रहे है।



सादुलपुर. कार्यक्रम में संबोधित करते उप रजिस्ट्रार सुनील मांडिया।

समाज की अंतिम पंक्ति तक सामाजिक ढांचा मजबूत करने के लिए सहकारिता से बढ़िया कुछ नहीं है। चेयरमैन पारीक ने कहा कि विभागीय निर्देशों की पालना करते हुए प्रत्येक बैंक कार्मिक व निदेशक मंडल को सक्रिय होना पड़ेगा। बैंक महाप्रबंधक विनोद चांवरिया ने उप रजिस्ट्रार का साफा पहनाकर तथा वाइस चेयरमैन रामकिशन बैरासरिया, सुरेश सैनी, गिरीराज वर्मा, गोपाल शर्मा, ताराचंद मीणा, राजेंद्र पटीर ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रबंधक अनवर अली ने आभार जताया। संचालन शाखा प्रबंधक जगदीश शर्मा ने किया।

# ऑल इंडिया अरबन को-ऑपरेटिव बैंकिंग समिट एंड अवाड्र्स समारोह : उदयपुर को राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रथम पुरस्कार

**उदयपुर दोपहर (वि.)।** क्रेस्ट इन्फोमीडिया के तत्वावधान में 'सिनर्जी ऑफ इनोवेशन : शेपिंग दी फ्यूचर ऑफ स्मार्ट को-ऑपरेटिव बैंकिंग फॉर इंक्लूसिव ग्रोथ' की थीम पर मुंबई के होटल सहारा में दो दिवसीय 'ऑल इंडिया अरबन को-ऑपरेटिव बैंकिंग समिट एंड अवाड्र्स 2025' का आयोजन गत दिनों हुआ। समारोह में 200 से अधिक बैंकों के प्रतिनिधियों एवं 50 से अधिक विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने स्टाल लगाकर अपने उत्पादों की जानकारी दी। समारोह में दी उदयपुर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक की ओर से निदेशक आसिफ मसूद शाह और जरीना इकबाल ने शिरकत की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीना बानू मेहमूदा ने बताया कि इस वर्ष नागरिक बैंक श्रेणी में वर्ष 2024-25 के लिए लोन एंड एडवांसेज में दी उदयपुर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित कर देश का सर्वश्रेष्ठ नागरिक सहकारी बैंक घोषित किया। बैंक अध्यक्ष तौसीफ हुसैन ने बताया कि उदयपुर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने से लेकसिटी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और भी ऊंचा हुआ है।



## नाम परिवर्तन की आवश्यक सूचना

## आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लि.

बैंक के समस्त अंशधारियों, जमाकर्ताओं, ऋणियों, लेनदारों, देनदारों एवं अन्य समस्त को सूचित किया जाता है कि भारतीय रिजर्व बैंक एवं श्रीमान् केन्द्रीय पंजीयक महोदय, सहकारी समितियां, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त अनुमति के तहत् बैंक का नाम ''आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड'' के स्थान पर **''माउण्ट नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड''** परिवर्तित किया गया है। इस नाम परिवर्तन से सदस्यों की हिस्सा पूंजी, उनके दायित्व व अधिकार तथा जमाकर्ताओं की जमाओं, ऋणियों के ऋण, लेनदारों की लेनदारिता एवं देनदारों की देनदारिता पर कोई भी प्रभाव नहीं पडेगा अर्थात् यह समस्त पूर्व की भांति यथावत रहेंगें।

आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के समस्त दायित्व ( यथा हिस्सा राशि, जमाएं आदि ) का भुगतान **''माउण्ट नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड''** के द्वारा किया जायेगा एवं आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लि. की समस्त चल एवं अचल सम्पतियां ( यथा ऋण, विनिवेश, भवन, वाहन, प्लॉट एवं मशीनरी इत्यादि ) **''माउण्ट नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड''** की हो जायेगी। बैंक उक्त नये नाम के साथ आज दिनांक 05.06.2025, गुरूवार से कार्य प्रारम्भ करेगा।

भविष्य में आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से किये जाने वाले पत्राचार **''माउण्ट नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड''** के नाम से किये जाने का अनुरोध है।

प्रबन्ध संचालक

## माउण्ट नागरिक सहकारी बैंक लि.

मल्टीस्टेट

प्रधान कार्यालय : तीन बत्ती, पोस्ट बॉक्स नं. 12, सिरोही (राजस्थान)

# दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

## – माह मई, 2025 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां

**1 मई : फैडरेशन द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय से एकमुश्त ऋण राहत योजना बाबत अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के संचालक मंडल को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 8 जून, 2023 के क्रम में अधिकृत किये जाने बाबत लगातार पत्र व्यवहार जारी है, एवं विभाग को बैंकों के संचालक मंडल को ही अधिकृत किये जाने बाबत निवेदन किया जा रहा है।**

**1 मईः सदस्य बैंकों को बैंक के वर्ष 2024–25 के ऑडिट हेतु ऑडिटर नियुक्ति पत्र विभाग की वेबसाईट पर 31 मई, 2025 से पूर्व अपलोड कराने हेतु पत्र द्वारा याद दिलाया गया।**

**2 मईः** फैडरेशन की जानकारी में आया है कि मैसर्स सर्वत्र टैक्नोलोजीज द्वारा सदस्य बैंकों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं के निर्धारित चार्जेज के अतिरिक्त भारतीय रिजर्व बैंक की नई गाईडलाईंस जारी होने के बाद उच्च चार्जेज वसूल किये जाते हैं। इस बाबत बैंकों से पत्र द्वारा जानकारी चाही गई है ताकि सेवा प्रदाता कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करके समाधान निकाला जा सके।

5 मईः सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर द्वारा फैडरेशन के सौजन्य से 5 से 7 मई, 2025 तक नागरिक सहकारी बैंकों के कार्मिकों हेतु ''प्रोजेक्ट एप्रेजल एण्ड लोन डोक्यूमेंटेशन'' पर प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की गई। प्रथम दिवस डॉ राम चतुर्वेदी, संकाय सदस्य एवं एम. एल. शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फैडरेशन द्वारा विषय की आवश्यकता पर चर्चा की गई। प्रथम सत्र में श्री ए.के.शाह द्वारा एवं बाद के सत्रों में श्री एम. एल. शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इन कार्यशालाओं में 12 अरबन बैंकों के 16 प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

6 मईः राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को फैडरेशन के उपाध्यक्ष पद का चुनाव कराने हेतु निवेदन किया गया।

8–9 मईः क्रिस्ट इन्फोमीडिया द्वारा होटल सहारा स्टार मुम्बई में आयोजित नवीं बैंकिंग समिट एंड अवार्ड–2025 में फैडरेशन के अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर द्वारा भाग लिया गया एवं राजस्थान के अरबन बैंकिंग सेक्टर पर प्रकाश डाला गया।

**12 मईः नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स एण्ड क्रेडिट सोसाइटीज के संचालक मंडल की बैठक में फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर द्वारा भाग लिया गया।**

17 मईः रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा नवीन एकमुश्त ऋण राहत योजना बनाने हेतु फैडरेशन से सर्वसम्मत प्रारूप चाहा जा रहा है जिसके संदर्भ में हमारे द्वारा पुनः यह निवेदन किया गया कि ये योजना नवीन रूप से लागू की जानी होगी। हमारे पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के संचालक मंडल को योजना बनाने के लिये अधिकृत किये जाने पश्चात् विभाग से योजना जारी किया जाना अप्रासंगिक है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक से भी निवेदन किया गया कि उनके द्वारा जारी परिपत्र के क्रम में रजिस्ट्रार कार्यालय को वे स्थिति स्पष्ट करें। इसके साथ ही नेशनल फैडरेशन को भी समस्त प्रकरण की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

19 मईः भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य 'ऑपरेशन सिंदूर' की विजयगाथा को सम्मान देने के लिए फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं संचालकगण की भावना के अनुसार फेडरेशन द्वारा किये गये निवेदन के कम में राज्य के अधिकांश बैंकों एवं फैडरेशन कार्यालय में भोजनावाकश के समय मीटिंग का आयोजन कर सेना के विभिन्न अंगों के जवानों एवं राष्ट्र के नीति निर्धारकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

20 मईः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आहूत टेफकब की सब–कमेटी जिसमें विशेष रूप से अवसायनाधीन अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों पर चर्चा हुई, में मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा भाग लिया गया।

23 मईः उदयपुर महिला अरबन बैंक का फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विजिट किया गया एवं बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी नागर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैंक के कुल व्यवसाय में अभिवृद्धि की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही 31.03.2025 की स्थिति के आधार पर हाउस लोन एवं कामर्शियल रीयल एस्टेट क्षेत्र में ऋणों के वितरण में भारतीय रिजर्व बैंक के नवीन निर्देशों के कम में आ रही रूकावटों पर चर्चा की गई ।

23 मईः उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक साधारण सभा में फैडरेशन के अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा द्वारा भाग लिया गया।

27 मईः नेशनल फैडरेशन को ''Constitution of Task Force on UCBs. - Ways and means to establish one UCB in every notified town". के संबंध में राज्य के महत्वपूर्ण जिलों एवं स्थानों पर अरबन बैंकों की स्थिति से अवगत कराते हुए पत्र प्रस्तुत किया। वर्तमान स्थिति के अनुसार राज्य के 41 जिलों में से 18 मुख्यावासों में बैंक नहीं है। इसके पश्चात् टास्कफोर्स के अध्यक्ष श्री डी. कृष्णा को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

27 मईः राजस्थान सरकार वित्त विभाग द्वारा नोटिफिकेशन दिनांक 11.09.2024 से राज्य कर्मचारियो को देय ग्रेच्युटी की अधिकतम राशि रू. 20.00 लाख से बढ़ाते हुए दिनांक 1.04. 2024 से रू. 25.00 लाख की गई थी। इसी कम में नोटिफिकेशन दिनांक 1 अप्रेल, 2025 के द्वारा पूर्व आदेश को संशोधित करते हुए उक्त बढ़ी हुई ग्रेच्युटी राशि को दिनांक 1 जनवरी, 2024 से लागू किया गया है। इस नोटिफिकेशन के कम में बैंकों के अनुरोध पर राज्य की सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों के लिये भी सहकारी विभाग स्तर से आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया गया।

30 मईः राज्य के अरबन बैंकों की समस्याओं के संबंध में राज्य के सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक से मिलने हेतु समय निर्धारित करने हेतु पत्र द्वारा निवेदन किया गया।

.0.0.0.0.